दिन– शुक्रवार दिनांक– 14 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 06.35 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, अब से थोड़ी देर बाद राष्ट्र को करेंगी संबोधित।

02 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना के गांधी मैदान में करेंगे ध्वजारोहण।

03. आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री ने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि।

04. और, बिहार पुलिस के अठारह अधिकारियों और जवानों को अलग–अलग श्रेणियों में पुलिस पदक दिये जाने की घोषणा।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन अब से थोड़ी देर बाद शाम सात बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, इसका क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर किया जाएगा।

———————————————————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सैनिकों को संबोधित किया। श्री सिंह ने सैन्य कर्मियों से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुटता के साथ काम करने की अपील की।

––साउंड बाइट––

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि समारोह स्थल पर भारतीय वायु सेना के दो एमआई–सत्रह हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करेंगे।

––रिपोर्ट––

लाल किले में होने वाले इस समारोह में, पहली बार वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रगान होगा। यह भव्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्' की 150 साल पुरानी गौरवशाली विरासत को याद करने, और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की ऊर्जा, आकांक्षाओं और महत्वपूर्ण योगदान का उत्सव मनाने के लिए, आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में सेना, नौसेना और वायुसेना के करीब ढाई हजार कैडेट तथा माई भारत के स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। इस समारोह में, देश के अलग–अलग क्षेत्रों से करीब पांच हजार विशेष अतिथियों को भी लाल किले में आमंत्रित किया गया है। इनमें पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, पीएम मुद्रा योजना की महिला उद्यमी, पीएम स्वनिधि योजना के रेहड़ी–पटरी वाले और भारत टैक्सी के टैक्सी चालक शामिल हैं। दिल्ली पुलिस ने समारोह को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के करीब 15 हजार जवानों को तैनात किया गया है और एक हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा देशवासियों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाने के लिए, देशभर में 343 प्रमुख स्थानों पर बैंड प्रस्तुतियां भी आयोजित की जा रही हैं। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस पर कल पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। ब्यौरा हमारी संवाददाता से...

––साउंड बाइट––

परेड में बिहार पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएमपी, होमगार्ड, एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाईड के जवान भाग लेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से तेरह झांकियां निकाली जायेंगी। इन झांकियों में पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल खेती, आपदा प्रबंधन और शिक्षा समेत कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। इधर, स्वतंत्रता दिवस को देखते हुये पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। राजधानी पटना में बासठ जगहों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से गांधी मैदान और आस–पास के इलाकों की निगरानी की जा रही है। नेपाल से सटे जिलों की सीमा को सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से निधि श्री।

————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर कल राजधानी पटना की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। डाकबंगला चौराहे से गांधी मैदान की ओर जाने वाले सामान्य वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। न्यू डाकबंगला रोड, एसपी वर्मा रोड, बुद्ध मार्ग और कोतवाली टी–प्वाइंट से पुलिस लाइन की ओर जाने वाले मार्गों पर भी यातायात में बदलाव रहेगा। जेपी गंगा पथ से गांधी मैदान की ओर आने वाले मार्ग पर केवल अधिकृत वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि घर से निकलने से पहले बदले हुए यातायात मार्गों की जानकारी जरूर ले लें।

——————————————————————

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। डेढ़ किलोमीटर लंबी इस यात्रा में हजारों की संख्या में आम लोगों के साथ–साथ स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। गोपालगंज में आयोजित तिरंगा यात्रा में मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बेगूसराय में रामकृपाल यादव, सहरसा में मिथिलेश तिवारी, सीतामढ़ी में श्रेयसी सिंह, बक्सर में नंदकिशोर राम और रोहतास में मंत्री अशोक चौधरी शामिल हुए। पटना में एसएसबी सीमांत मुख्यालय की ओर से बाईक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। सुपौल में साईकिल तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। वहीं, भोजपुर, कैमूर, सीवान, शेखपुरा और अररिया समेत अन्य जिलों में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

——————————————————————

गृह मंत्रालय ने देशभर के पुलिस अधिकारियों और जवानों को दिये जाने वाले पुलिस पदकों की घोषणा कर दी है। इस बार बिहार पुलिस के अठारह अधिकारियों और जवानों को अलग–अलग श्रेणियों में पुलिस पदक के लिए चुना गया है। इंस्पेक्टर मोहम्मद अफसर हुसैन को गैलेंट्री मेडल जबकि पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार और पुलिस अधीक्षक बीना कुमारी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक के लिए चुना गया है। इसके अलावा, डीआईजी राकेश कुमार सिन्हा और एसपी इम्तियाज़ अहमद समेत पन्द्रह पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को सराहनीय पदक दिये जाने की घोषणा की गई है।

——————————————————————

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस अवसर पर देश वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और असहनीय पीड़ा झेलने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दे रहा है।

——रिपोर्ट——

विभाजन बीसी स्मृति दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली सहित देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। 2021 में सरकार ने हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। विभाजन ने लाखों लोगों को प्रभावित किया और अपने पीछे गहरे घाव छोड़ें। विभाजन के कारण करीब दो करोड़ लोग प्रभावित हुए। यह दिवस सामाजिक विभाजन और वैमनस्य को दूर करने तथा शांति सद्भाव और एकता की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता की भी याद दिलाता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद किया। सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कामना की कि यह दिन हमारे राष्ट्र में सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने चौदह अगस्त उन्नीस सौ सैंतालीस के दिन को इतिहास के सबसे क्रूर अध्यायों में से एक बताया है।

——————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर विभाजन की पीड़ा और विस्थापन झेलने वाले लाखों भारतीय परिवारों को श्रद्धांजलि दी है। इधर, भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन देश ने विभाजन की पीड़ा झेली थी।

——साउंड बाइट——

——————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। गृह सचिव प्रणव कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बाचतीत में बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में हत्या के मामलों में दस दशमलव एक प्रतिशत और डकैती में इकतीस दशमलव तीन–दो प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब कोई भी जिला नक्सल प्रभावित नहीं बचा है।

——साउंड बाइट——

——————————————————————

बिहार शोध और विकास यानी आरएनडी बजट तैयार करने वाला देश का तीसरा राज्य बनने जा रहा है। वित्तीय वर्ष दो हजार सत्ताईस–अट्ठाईस के वार्षिक बजट में पहली बार आरएनडी बजट को अलग से शामिल किया जाएगा। बजट से शोध, तकनीकी नवाचार और विकास से जुड़ी योजनाओं को बेहतर वित्तीय सहायता मिल सकेगी। केरल और पंजाब में पहले से आरएनडी बजट की व्यवस्था है। इस सिलसिले में पटना के बापू टावर में सभी विभागों के बजट पदाधिकारियों की कार्यशाला में अधिकारियों को शोध और विकास की जरूरतों के अनुरूप बजट तैयार करने की जानकारी दी गई।

——————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने इस वर्ष की विभिन्न परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार बहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन पच्चीस अक्टूबर को किया जाएगा। कैलेंडर में टीआरई–फोर का जिक्र है लेकिन इसकी प्रारंभिक परीक्षा की तिथि नहीं बताई गयी है। कैलेंडर में कहा गया है कि प्रारंभिक परीक्षा की तिथि विज्ञापन प्रकाशन के बाद जारी की जाएगी।

————————————————————————

प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून सक्रिय हो गया है। देर रात से राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। सीवान के रघुनाथपुर में सबसे अधिक एक सौ अट्ठावन दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है। कई स्थानों पर बारिश का भी पूर्वानुमान है।

————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार के पटना, खगड़िया और बिहारशरीफ स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये कार्रवाई की गई है। छापेमारी में नकद रुपए, आभूषण, निवेश और जमीन के दस्तावेज बरामद किए गए। कार्यपालक अभियंता पर आय के ज्ञात स्रोतों से एक करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

————————————————————————

गया जिले के डोभी प्रखंड के गढ़ करमौनी गांव में पुराने कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से पिता–पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई। हमारे संवाददता ने बताया कि घटना कुएं में मोटर ठीक करने के दौरान हुई है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, अब से थोड़ी देर बाद राष्ट्र को करेंगी संबोधित।

02 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना के गांधी मैदान में करेंगे ध्वजारोहण।

03. आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री ने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि।

04. और, बिहार पुलिस के अठारह अधिकारियों और जवानों को अलग–अलग श्रेणियों में पुलिस पदक दिये जाने की घोषणा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।